तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर, 2025

12 यात्रीगण कृपया ध्यान दें...भारी वर्षा के कारण...


11 विद्यार्थियों को दिशा और मार्गदर्शन देकर अच्छा...


## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामलों में दो आरोपी काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में दर्ज किए गए मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने गत वर्ष एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। सुलह नहीं होने के कारण पुलिस ने 3 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में कमालपुर निवासी सत्यप्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। सिटी पुलिस ने 19 अगस्त को दर्ज मामले में राजस्थान के अलवर निवासी सुधीर सचदेवा को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

धारूहेड़ा। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड के पास 22 अगस्त को हादसे को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने हादसे में घायल युवक के बयान पर केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी मिर्जा तनवीर को गिरफ्तार कर लिया।

### धोखाधड़ी का आरोपी तफ्तीश में शामिल

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को तफतीश में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 29 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले के आरोपी कमालपुर निवासी संदीप ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। उसे हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पुलिस ने तफ्तीश में शामिल कर लिया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार चल रहा पीओ

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने लगभग पांच साल से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में कोर्ट ने लगभग पांच साल पहले खलीलपुर निवासी साहिल को पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। सदर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ 19 दिसंबर 2020 को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी, पहुंची पुलिस

रेवाड़ी। भठेड़ा में शुक्रवार सुबह करीब 42 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

सुबह करीब साढ़े 10 बजे प्रवीन अपने घर पर अकेला था। इसी दौरान उसने फांसी का फंदा लगा लिया। पता चलने के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### छठी के बच्चों की सहूलियत के लिए सरकार दे रही साइकिल की सुविधा

# मेरी साइकिल-मेरी पंसद मेला 19 को 12 को तय किए जाएंगे साइकिल विक्रेता

- 2025-26 से विद्यार्थियों को लिए नि:शुल्क साइकिल योजना
- 20 इंची साइकिल के लिए 2800 और 22 के लिए 3000 निर्धारित

गत वर्ष साइकिल मेले में 496 विद्यार्थियों को साइकिलें दी गई थी, जिसमें 256 लड़कियां व 240 लड़के शामिल थे,गत वर्ष निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला की ओर से साइकिलों के लिए 14 लाख 46 हजार 602 रुपये का बजट स्वीकृत किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत 19 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेरी साइकिल-मेरी पसंद साइकिल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन को लेकर 12 सितंबर को सुबह 11 बजे डीईओ व डीईईओ सुभाष चन्द्र साइकिल विक्रेताओं व निर्माताओं की बैठक लेंगे। जिला मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले के रेवाड़ी, खोल, नाहड़, जाटूसाना व बावल सहित पांच खंडों के स्कूल मुखियाओं से साइकिल लेने वाले बच्चों की लिस्ट मांगी गई है। गत वर्ष साइकिल मेले में 496 विद्यार्थियों को साइकिलें दी गई थी, जिसमें 256 लड़कियां व 240 लड़के शामिल थे। गत वर्ष निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला की ओर से साइकिलों के लिए 14 लाख 46 हजार 602 रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था।



#### कीमत से ज्यादा खर्चा स्वयं करना होगा वहन

मौलिक शिक्षा निदेशालय पंचकूला की ओर से कक्षा छठी में पढ़ने वाले विद्यार्थी, जिनके गांव में मिडिल स्कूल नहीं है तथा उनको गांव से 2 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है, उनको प्रतिवर्ष सरकार की ओर से योजना के तहत मुफ्त साइकिल प्रदान की जाती है। सरकार ने मेले में 20 इंची साइकिल के लिए 2800 व 22 इंची साइकिल के लिए 3000 रुपये कीमत निर्धारित की हुई है, जिसके लिए 12 सितंबर को साइकिल विक्रताओं को आमंत्रित किया गया है।

#### विद्यार्थियों को चुनना होगा विकल्प



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि साइकिल मेले के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। मेले में साइकिल स्टॉल लगाने के लिए 12 सितंबर को साइकिल विक्रताओं को आमंत्रित किया गया है, जिसमें उनको दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल योजना एवं विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना दोनों योजनाओं में से किसी एक विकल्प को ही चुनना होगा। इसके लिए विद्यालय नोडल ट्रांसपोर्ट अधिकारी इन विद्यार्थियों से लिखित में आवेदन लेगा। मेले में आवेदन करने वाले सभी खड़ों के बच्चों की ओर से साइकिलें पसंद करने के बाद बजट बनाकर निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला को भेजा जाएगा। इसके बाद सभी बच्चों को साइकिलें दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त अगर विद्यार्थी सरकार की ओर से तय राशि से अधिक राशि की साइकिल पसंद करता है तो बाकी का खर्चा उसके माता-पिता या अभिभावक को ही वहन करना होगा।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के कार्यो की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण आवास योजना का शीघ्र करें वेरिफिकेशन: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 7 गांवों के लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है। अभी 14 गांवों के लाभपात्रों की वेरिफिकेशन कर सूची भिजवाई जानी है, जिसमें से 10 गांवों की वेरिफिकेशन हो चुकी है। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिलं के 16 गांवों के लोगों ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पोर्टल पर आवेदन किया हुआ है। आवेदन के आधार पर संभावना तय की जाएगी कि कितने पात्रों को इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को इस स्कीम पर काम कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर लोगों को पक्का घर देना है। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसीयूटी रूहानी, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

#### यह हैं नियम व शर्तें

डीसी ने कहा कि गांवों में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जाने वाले प्लाटों के लिए गांवों से जुड़ता हुआ कम से कम 2 कमरे का रास्ता अवश्य होना चाहिए, ताकि लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ग्राम पंचायत के आवेदनों के लिए 100 वर्ग गज के आवासीय प्लाट व महाग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।

### बीती 9 अगस्त की रात हुआ था दो पक्षों में झगड़ा

## मारपीट में घायल युवक ने तोड़ा दम, हत्या के आरोप में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बवाना गुर्जर में गत 9 अगस्त की रात हुए झगड़े में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पाली निवासी 45 वर्षीय हरिओम बवाना गुर्जर में छठी की रात में शामिल होने के लिए गया था। वहां उसी के गांव निवासी विजय और बवाना गुर्जर निवासी नरेंद्र उर्फ नरिया भी मौजूद थे। पुलिस के अनुसार रात को तीनों ने मिलकर साथ शराब पी थी। इसके बाद नरेंद्र और विजय के साथ हरिओम का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों ने हरिओम के साथ जमकर मारपीट की। ग्रामीणों ने गांव के मंदिर के पास हरिओम को बेसुध हालत में देखकर उसके परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उसे उसे गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया था। पीजीआई से परिजन हरिओम को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल लाए थे, जहां से कुछ दिन पहले उसे छुट्टी दे दी गई थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### 23760 रुपये मार्केट फीस व 11880 रुपये जुर्माना वसूला

## कोसली अनाजमंडी में सीएम फ्लाइंग का छापा तीन दुकानों में स्टाक से अधिक मिला बाजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली अनाज मंडी में सीएम फ्लाइंग aकी टीम ने बिना रिकॉर्ड व मार्केट फीस जमा किए बाजरे का स्टाक किए जाने को लेकर चार दुकानों पर रेड की। सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक राजेश कुमार व एएसआई मनोज कुमार ने मार्केट कमेटी के सहायक सचिव को साथ लेकर आढ़तियों की दुकान में रखे बाजरे के स्टाक की जांच की। जांच में रिकार्ड के अतिरिक्त तीन दुकानों में 2160 कट्टे बाजरा अधिक पाया गया। आढ़ती अतिरिक्त स्टाक को लेकर कोई गेटपास अथवा मार्केट फीस जमा करने के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकें। मार्केट कमेटी के सहायक सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि आदी ट्रेडिंग कंपनी के स्टाक में 280 किवंटल बाजरा अतिरिक्त पाया गया। फर्म से मौके पर ही एक प्रतिशत मार्केट फीस व 50 प्रतिशत जुर्माना सहित 9240 रुपए वसूले गए। किसान ट्रेडिंग कंपनी की दुकान में 350 किवंटल बाजरा अतिरिक्त मिला। फर्म से फीस व जुर्माना सहित 16550 रुपए वसूल किए गए। बनवारी लाल राम निवास की दुकान पर 450 किवंटल बाजरा अतिरिक्त पाया गया। फर्म से फीस व जुर्माना के 14850 रुपए मौके पर ही वसूल किए गए।



रेवाड़ी। कोसली अनाज मंडी में बाजरे के स्टाक की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम।

#### रजिस्टर मेनटेन नहीं करने पर जुर्माना

किसान ट्रेडिंग कंपनी से स्टाक रजिस्टर मेनटेन नहीं करने को लेकर 5000 रुपए जुर्माना अलग से लिया गया। सीएम फ्लाइंग ने दुकान नंबर-90 की भी जांच की, लेकिन उनका स्टाक रिकार्ड के अनुसार मिला। सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि मार्केट फीस की चोरी को लेकर जांच की प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

### एकत्रित परीक्षण शु:ल्क की राशि में संशोधन किया

## खेल परिषद की बैठक में लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, समिति गठित करने पर दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में खेल परिषद की 9वीं बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के हितों के लिए अनेक मुद्दों पर निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीमी मिगलानी नेक की। खेल परिषद के प्रेसिडेंट प्रोफेसर सुनील कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह भी उपस्थित थे।

इस मौके पर आगामी वर्षों में अंतर-विश्वविद्यालय चैंपियनशिप अर्थात एआईआईयू, एनजेडआईयू, ए न ई जे ड आ ई यू , एनडब्ल्यूजेडआईयू और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में बिस्तर शुल्क, जलपान, प्रतिभागियों व कॉलेजों से विश्वविद्यालय द्वारा एकत्रित परीक्षण शुल्क की राशि में संशोधन किया गया। खेलों की नियमावली तैयार करने के लिए एक समिति गठित करने के लिए स्वीकृति भी दी गर्द। इस मौके पर खेल परिषद के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग शुरू किया जाए ताकि खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकें और आश्वासन दिया कि विशेष रूप से यूजीसी से संबद्ध पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए पहल की जाएगी। खेल परिषद की बैठक में प्रोफेसर भगत सिंह राठी, प्रोफेसर करण सिंह, प्रोफेसर सतीश कुमार, अनिल कुमार, डा. दलबीर सिंह, डा. पूरन परभा, डा. सत्यजीत, डा. हरि प्रकाश, डा. नरेश कुमार, डा. रामबीर व देवेंद्र ढाका उपस्थित थे।

#### निदेशक खेल परिषद के मुद्दों से अवगत करवाया

खेल विभाग के निदेशक डा. अशोक कुमार यादव ने खेल परिषद के मुद्दों से अवगत कराया। बैठक में सत्र 2025-2026 के लिए आईजीयू खेल परिषद के आय-व्यय के बजट अनुमानों को अनुमोदित किया गया। लेखा शीर्ष अर्थात प्रवेश शुल्क, विरोध शुल्क और एआईयू से अनुदान को आय बजट अनुमान से हटाकर विविध शुल्क में मिलाकर स्वीकृत किया गया। बैठक में सत्र 2025-2026 के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर को स्वीकृत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय स्टेडियम के तैयार होने पर, विश्वविद्यालय एआईयू को कम से कम एक खेल के आयोजन के आवंटन के लिए आवेदन कर सकता है।



रेवाड़ी। कुलपति असीम मिगलानी

### करीब दो साल पहले फाइनेंसर को गोली मारकर की थी लूट

## फाइनेंसर से लूट और हत्या का आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-3 मार्केट में करीब दो साल पहले एक फाइनेंसर को गोली मारकर लाखों रुपये की लूट को अंजाम देने के मामले में एक और आरोपी को सीआईए धारूहेड़ा ने गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। 18 सितम्बर 2023 की देर शाम गांव संगवाड़ी निवासी विशाल शर्मा सेक्टर-3 एरिया में बाइक से एक फाइनेंस कंपनी का कैश कलेक्शन करने के लिए गया था। इसी दौरान कॉम्प्लेक्स के पीछे वाली गली में पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने विशाल को घेर लिया। विशाल शर्मा के पास एक बैग में 6 लाख रुपए की नकदी थी। इ उसी रात विशाल शर्मा की गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। थाना माडल टाउन में आरोपियों के खिलाफ लूट, हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सात आरोपी कुलदीप उर्फ ताका उर्फ दीप, बलदेव सिंह, सतनाम सिंह उर्फ टीटु, चरण सिंह उर्फ चरणी, सलीम, महताब व इमरान को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में सीआईए धारूहेड़ा ने राजस्थान के जिला डिंग के गांव जोलशत्रुदिन गढ़ी निवासी बलजीत को भी गिरफ्तार कर लिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### मोटा मुनाफे का दिया लालच

## विदेशी व्यापार में निवेश के नाम पर लगाया 5.28 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर ठगों ने एक मेडिकल स्टोर संचालक को विदेशी व्यापार में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा कमाने के लालच में 5.28 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में कान्हावास निवासी प्रवीन ने बताया कि उसका कसोला चौक पर मेडिकल स्टोर है। उसके पास मई 2024 में एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे विदेशी व्यापार में पैसा निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने के बारे में बताया था। उसके सहमति जताने पर लिंक भेजकर उसका खाता खुलवाया गया। वह कॉलर की ओर से भेजे गए स्कैन कोड से पैसे ट्रांसफर करता रहा। इस साल जनवरी माह तक उसने अपने दो बैंक खातों से 558350 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। कुछ समय बाद उसके खाते में 17 लाख मुनाफा दिखाया गया। उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो निकासी नहीं हो सकी। संबंधित व्यक्ति को इस बारे में बताया तो उसने टैक्स के नाम पर 5.5 लाख रुपये और जमा कराने के लिए कहा। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें प्रवीन की रकम ट्रांसफर हुई थी।

### शहर में नगर परिषद का फोगिंग कार्य धीमा, डेंगू की रोकथाम के लिए टीम का गठन

## तीन डेंगू मरीज और मिलने से 129 पर पहुंचा आंकड़ा, मलेरिया केस 13 हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में लगातार बरसात आने से जगह-जगह जलभराव होने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। एडीज मच्छर का लार्वा भी पनपने से डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहरी क्षेत्र में फोगिंग का कार्य बंद होने के कारण बीमारियां पनप रही है। शुक्रवार को डेंगू के नए 3 मरीज और मिलने से सीजन में आंकड़ा 129 पर पहुंच गया है। इसके अलावा मलेरिया के भी 13 केस मिल चुके है। अभी तक मिले डेंगू मरीजों में 111 की प्राइवेट व 18 मरीजों की सरकारी लैब से पुष्टि की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव ने शुक्रवार को एक स्वास्थ्य टीम का गठन किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार व धर्मवीर सिंह सहित आठ ब्रीडिंग चेकर्स व स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद थे। गठित टीम की ओर से गुलाबी बाग में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटीज की। इस दौरान टीम ने 17 घरों में लार्वा मिलने पर नोटिस भी दिए। गुलाबी बाग शहर में हॉट स्पॉट एरिया बना हुआ है। टीम ने लोगों को घरों में पानी के स्रोत को ढककर रखने तथा ज्यादा पानी एकत्रित न करने के लिए जागरूक किया, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। टीम ने लोगों से सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे के रूप में भी मनाने की अपील की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पार्षद एडवोकेट कुसुमलता से मुलाकात की। टीम ने पार्षद से नगर परिषद से सम्पर्क करके एरिये में फोगिंग करवाने की अपील की ताकि डेंगू का लार्वा को पनपने से रोका जा सकें।

*अभी तक मिले डेंगू मरीजों में 111 की प्राइवेट व 18 मरीजों की सरकारी लैब से पुष्टि की गई है, प्रशासन हुआ अलर्ट*

#### अब तक 2287 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके



स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब तक लार्वा मिलने पर 2025 से लोगों को नोटिस दे चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1810247 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। इस सीजन में अभी तक 129 डेंगू पॉजिटिव व मलेरिया के 13 मरीज मिल चुके है। जिले में अभी तक शहर में 45, बावल सीएचसी में 29, मीरपुर सीएचसी में 9, खोल सीएचसी में 32, गुरावड़ा सीएचसी में 8 तथा नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 6 डेंगू के मरीज मिल चुके है। अब तक 2287 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में 45 व प्राइवेट अपताल में 4 सहित 49 लोगों के ब्लड सेंपल लिए गए।

#### खास बातें

- टीम ने लोगों से सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे के रूप में भी मनाने की अपील की



रेवाड़ी। मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव।




## बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style

# अनन्या

## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत



अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



### 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




### दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



## मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



## किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

## टीवी मसाला



### बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

### कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

## कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

## द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

### 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं।क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिजी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### सुमित धनखड़ ने फिजिक्स में किया नेट क्लीयर

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बुड़ौली निवासी सुमित धनखड़ ने सीएसआईआर नेट की परीक्षा एआईआर छठी रैंक लेकर उत्तीर्ण की है। उन्होंने फिजिक्स विषय में परीक्षा के सफलता हासिल की है तथा ऐसा करने वाले वे गांव के पहले व्यक्ति है। वर्तमान में वे स्वामी विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल डहीना में पीजीटी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व भाई मेजर संदीप धनखड़ को दिया है।

### शिक्षक दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कोसली।** कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, एकल व सामूहिक नृत्य, कविता पाठ, गायन, भाषण व मिमिक्री के माध्यम से अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने भी अपने अध्यापकों के लिए बाल पासिंग, बैलून पोपिंग आदि खेलों का आयोजन किया। शिक्षकों ने भी अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी व बच्चों को शिक्षकों की ओर से दिखाए गए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### काला नाग काटने से 8 साल की बच्ची की मौत

**नारनौल।** रात को बैड पर सोते वक्त काला नाग काटने से एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब आठ वर्षीय निर्जला पुत्री राकेश वासी गांव दलपतपुरा (दिलपुरा) उप जिला नीमकाथाना रात्रि को अपने घर में बैड पर सो रही थी। तभी करीब दो बजे उसे सांप ने काट लिया। सांप काटने उपरांत जब दर्द हुआ, तब बच्ची रोते हुए अपने माता–पिता के पास गई, जिस लाइट जलाकर देखा तो बैड पर काला नाग दिखाई दिया। तब बैड पर दो बच्ची और सो रही थी, लेकिन परिवारजनों ने सांप को मौके पर ही मार दिया, जबकि बच्ची को नजदीकी स्टेशन नांगल चौधरी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बच्ची को रेफर करने उपरांत जिला नागरिक अस्पताल नारनौल ले जाया गया।

### युवा चेतना संगठन ने शिक्षकों का किया सम्मान

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत तथा युवा चेतना संगठन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरपंच सरिता यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने अध्यक्षता की। समग्र शिक्षा विभाग के जेई संदीप कुमार व लेखक यशपाल आर्य ने विशिष्ट अतिथि तथा वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र तथा साहित्य भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के चारों सदन के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में निबंध लेखन व ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट की, बाल भवन में बनाए गए सिलाई सेंटर में प्रशिक्षु महिलाओं को सिलाई मशीनें दीं

# विद्यार्थियों को दिशा और मार्गदर्शन देकर अच्छा इंसान बनाते शिक्षकः डीसी मीणा

## डीसी अभिषेक मीणा ने भव्य कार्यक्रम में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

- डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन न सिर्फ एक विद्वान शिक्षक थे, बल्कि एक महान दार्शनिक और राजनीतिज्ञ भी थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने महान शिक्षाविद एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर बाल भवन में आयोजित समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। डीसी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देकर व उनका मार्गदर्शन करके उन्हें अच्छा इंसान बनाते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। डीसी ने कहा कि शिक्षक अपने शिष्य के चरित्र एवं भविष्य के निर्माता होते हैं, जो उनके ज्ञान के दीपक को प्रज्वलित कर अज्ञानता के तिमिर को मिटाते हुए राष्ट्र-निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षकों को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मार्ग पर चलना चाहिए। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि हमारा विकसित भारत का सपना साकार हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते। हमें उनसे सदैव कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा अब स्कूलों में ऑनलाइन और डिजिटल क्लास रूम के जरिए पढ़ाई हो रही है, जिससे बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।




रेवाड़ी। शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट करते डीसी व शिक्षक दिवस पर प्रवक्ता कविता यादव को सम्मानित करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### डा. सर्वपल्ली को किया नमन

डीसी ने कहा कि डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन न सिर्फ एक विद्वान शिक्षक थे, बल्कि एक महान दार्शनिक और राजनीतिज्ञ भी थे। एक शिक्षक का व्यवहार मर्यादित, अनुशासित और स्नेह पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक स्कूलों में कमजोर बच्चों को भी साथ लेकर उन्हें अच्छा मार्ग प्रशस्त करें, ताकि वे भी भविष्य में अपने माता-पिता, गांव व देश का नाम रोशन करे। डीसी ने सभी शिक्षकों से आग्रह किया है कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर व आधुनिक भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर डीसी अभिषेक मीणा ने 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट की। उन्होंने बाल भवन में बनाए गए सिलाई सेंटर में प्रशिक्षु महिलाओं को सिलाई मशीनें भी प्रदान की। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेन्द्र यादव, समाजसेवी रिपुदमन गुप्ता व मनोज यादव सहित अनेक अध्यापक मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों का सम्मानित किया गया। डीईओ सुभाष चन्द्र ने स्वतंत्रता दिवस व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने पर शिक्षकों को स्मृति चिंह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गणित विशेषज्ञ अशोक नामवाल सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर डीएमएस अशोक नामवाल, डीएसएस रेनू यादव, ज्योत्सना जीएसएसएस संगवाड़ी, सरिता जीएमएसएसएसएस गढ़ी बोलनी, पूनम यादव, पीएमश्री गर्ल्स स्कूल रेवाड़ी, सुधीर यादव जीएसएसएस मुस्तिल माजरा भालखी, सरिता यादव जीएमएसएसएसएस काकोड़िया, विक्रम सिंह जीएमएसएसएसएस पीथड़ावास, डीपीई भूपेन्द्र जीएसएसएस रामगढ़ भगवानपुर, सुनील कुमार डीपीई जीएमएसएसएसएस ततारपुर इस्तमुरार, मनीष कुमार जीएमएस नयागांव, प्रवीण कुमारी जीएसएसएस शहबाजपुर पदैयावास, सुनील दत्त जीएमएस बुड़ाना व राजकीस स्कूल सीहा के प्राचार्य व साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीईओ सुभाष चन्द्र ने कहा कि शिक्षक राष्ट के निर्माता होते है। सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय को ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए पूरा योगदान दें तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दे ताकि वे राष्ट के निर्माण में उचित योगदान दे सकें।

### विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक



रेवाड़ी। कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से खंड डहीना के गांव दखौरा के शहीद रामसिंह राजकीय उच्च विद्यालय में मुख्याध्यापक विनोद कुमार की अध्यक्षता मे शिक्षक दिवस के अवसर पर जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभाग के खंड संसाधन संयोजक जितेंद्र कुमार ने कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण राष्ट्र डा. सर्वपल्ली राधाकृष्ण को उनके राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्यो के लिए याद कर रहा है, इसलिए हमें भी जल संरक्षण कर अपने राष्ट्र के विकास मे अपना योगदान देना चाहिए। जल के बिना जीवन के कल्पना भी नहीं की जा सकती। बढ़ती जनसंख्या और जल का ठीक तरह से सदुपयोग नहीं करने की वजह से हमारा भू-जलस्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है, अगर ऐसे ही रहा तो आने वाले कुछ वर्षों बाद हमें पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ सकता है। इसलिए समय रहते हमें जल की एक बूंद का संरक्षण करना होगा, यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस कार्य में विद्यार्थी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर अध्यापक जयभगवान ने भी विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के साथ जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया।

# गुरु का दर्जा ईश्वर से भी बड़ा : सीजेएम

- शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते सीजेएम अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएमअमित वर्मा ने की। इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि गुरु का सम्मान सबसे बड़ा धर्म है। जो हमें जीवन का ज्ञान दें, वही सच्चे गुरु होते हैं। एक शिक्षक की पहचान केवल पढ़ाने से नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों में सही मार्गदर्शन देने से भी होती है। शिक्षक का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना, उन्हें आलोचनात्मक रूप से सोचने, समस्याओं का समाधान खोजने और स्वतंत्र शिक्षार्थी बनने में सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान नई दिशा नई उड़ान अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल हरीश कुमार शर्मा ने शिक्षकों को पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट एवं चाइल्ड फ्रेंडली स्कीम के बारे में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को लीगल लिटरेसी क्लब में उल्लेखनीय योगदानद के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# नेशनल चैंपियनिशप की मेजबानी करेगा टैगोर सकूल

- सीबीएसई नेशनल गर्ल्स चैंपियनशिप नौ सितंबर से होगी शुरू, देश की 20 कलस्टर की 60 विजेता टीम लेगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पत्रकारवार्ता को संबोधित करती सीईओ डॉ. निशा यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नौ सितंबर से सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप का आगाज किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश व विदेश की 96 टीमों के खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय प्रशासन व सीबीएसई दोनों स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। उक्त बातें स्कूल की सीईओ डॉ. निशा यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ. निशा यादव ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह है। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के शहर में आने से स्थानीय खिलाड़ियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। यह प्रतियोगिता जिला को शिक्षा व खेल दोनों क्षेत्रों में नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से लीग चरण के मुकाबलों से होगी। इसके बाद विजेता टीमें प्री क्वार्टर, क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

## शिक्षा का भविष्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता में करण बना विजेता



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** अहीर कॉलेज में शुक्रवार को एनईपी कार्य समिति के तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020-शिक्षा का भविष्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने एनईपी-2020 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से इस तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की अपील की। डा. कविता यादव ने पावर प्वाइंट के माध्यम से विद्यार्थियों को एनईपी के अलग-अलग भारत को प्रारूपों से अवगत कराया। प्रतियोगिता में करण बीबीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, पूजा बीबीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा आशिब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समिति की सदस्य डा. रजनी यादव ने विजेताओं के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

# जीवन में शिक्षक का महत्व बताया

- गर्ल्स कॉलेज में टीचर्स-डे पर सक्षम शिक्षक-सबल राष्ट्र विषय पर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर सक्षम शिक्षक-सबल राष्ट्र विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने की। गोष्ठी में महाविद्यालय स्टाफ ने वर्तमान समय में समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर डा. नरेश कुमार, डा. यशपाल, डा. धीरज यादव व नरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय की गणित व कंप्यूटर साइंस सोसायटी की ओर से रोल प्ले व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय छात्र समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका रहा। छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान स्वरूप अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की रितिका ने प्रथम, बीसीए द्वितीय वर्ष की महक ने द्वितीय व बीसीए प्रथम वर्ष की मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, गणित विभाग की अध्यक्ष डा. धीरज यादव तथा गणित विभाग के कंप्यूटर विभाग के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।




रेवाड़ी। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करते अतिथि।

### बनीपुर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

**बावल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. कविता गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में कृपा जैमिनी व जंग बहादुर मौजूद थे। प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी जब भावनात्मक और रचनात्मक रूप से जुडतें हैं, तभी विद्यालय प्रगति करता है। प्राचार्या ने सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्य अतिथि डा. कविता गुप्ता ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र और पौधे भेंट किए। डा. बबीता वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्य योगदान के लिए प्रमाण पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी सतबीर ढिल्लों ने शिक्षकों को नमन करते हुए उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण और कविता पाठ किया। मंच संचालन अरुण बाला ने किया। इस मौके पर डा. रीना, संगीता, सुषमा यादव , रेखा, संतोष आदि रहे।

### खोदी गई सड़क से बढ़ी लोगों की परेशानी

**कोसली।** कोसली के साल्हावास रोड़ पर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से विवेकानंद स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते को सीवरेज लाइन की मरम्मत के लिए खुदाई करके छोड़ दिए जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण रोड़ पर कीचड़ होने से पैदल निकलना भी दूर्भर हो गया है। स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र मोर्य ने बताया कि रास्ता खराब होने से स्कूल बसों का आना-जाना संभव नहीं हो पा रहा है। विद्यार्थियों को 800 मीटर का रास्ता पैदल पार कर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है। स्कूल का वैकल्पिक रास्ता भी काफी ऊबड़-खाबड़ है। स्थानीय निवासियों व स्कूल प्रबंधन ने एसडीएम को शिकायत देकर विद्यालय तक आने वाले रास्ते को ठीक कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। कोसली के विवेकानंद स्कूल के रास्ते पर जमा कीचड़।

## 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में हरियाणा से शामिल होंगे अधिकारी

# एनपीएस व यूपीएस के विरोध में शिक्षकों व कर्मचारियों ने रखा उपवास

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान राजबीर यादव ने बताई आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। उपवास रखकर धरने पर बैठे पेंशन बहाली समिति के सदस्य।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ओर से देशभर के सभी कर्मचारियों-अधिकारियों ने नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले व पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल के आह्वान पर अपने-अपने कार्यालय व विद्यालय में एनपीएस व यूपीएस के विरोध में एक दिवसीय उपवास रखा। हरियाणा के जिला रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ प्रभारी डा. अरविन्द यादव चेयरमैन अखिल भारतीय इंजीनरिंग फेडरेशन ने कहा कि कर्मचारियों के उपवास से शायद सरकार को अपनी गलती का एहसास होगा और वह कर्मचारियों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन बहाल करेगी। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं पीबीएसएस जिला महासचिव मनोज मसानी ने बताया कि शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने उपवास रखा। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान राजबीर यादव ने कहा कि 25 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय व्यापी प्रदर्शन में हरियाणा से हजारों की संख्या में कर्मचारी पहुंचेंगे। पंचायतीराज इंजीनियरिंग के राज्य प्रधान महिंद्र सिंह यादव ने कहा कि आगामी दिनों में पुरानी पेंशन के बैगर कर्मचारियों का गुजारा संभव नहीं है। डीईए रेवाड़ी के प्रधान राजेंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान महिला विंग की प्रधान सीमा यादव, जिला उपप्रधान संजय कुमार, ब्लॉक प्रधान प्रदीप यादव, राजेंद्र रावत, मनबीर, विजय योगी, कोषाध्यक्ष रणधीर, जिला प्रधान आरपीएसएस धर्मेंद्र, पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव, पूर्व प्रधान जितेंद्र यादव पीबीएसएस, सिचाई विभाग से योगेश, जितेंद्र, पवन, कमल, रामनिवास बेनीवाल, भावना, रीना, सुनील कुमार पब्लिक हेल्थ व हरिओम प्रधान सहित सभी कर्मचारी वअधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### राखी यादव ने पहले प्रयास में पास की नेट परीक्षा

कोसली। गांव जुड्डी निवासी राखी यादव ने पहले ही प्रयास में गणित विज्ञान विषय में नेट परीक्षा पास कर 73वीं रैंक हासिल की है। राखी ने 12वीं तक की शिक्षा गांव आकोदा जिला महेंद्रगढ़ के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एमएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की और कृष्णा कॉलेज झज्जर से एमबीए भी किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पति अरविंद यादव, सास-ससुर अनिता यादव व सुनील यादव, दादा ससुर सुबेसिंह यादव, माता-पिता सुनीता देवी व राजबीर यादव तथा अपने गुरुजनों को दिया है। इस सफलता पर सरपंच अजीत यादव व जागृति मंच अध्यक्ष प्रेमप्रकाश नाहड़ सहित क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने राखी यादव को बधाई दी है।



### जीएसटी में कमी से होगा फायदाः सचदेवा

रेवाड़ी। समाजसेवी व व्यापारी रमेश सचदेवा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी में सुधार कर कई आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों में कमी की गई है। जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं त्रुटिहीन बनाने के लिए तकनीकी उन्नयन पर जोर दिया गया है। इससे व्यवसायों पर अनुपालन का बोझ कम होगा, जिससे कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने में सहायता मिलेगी और गरीब व माध्यमवर्गीय लोगों को फायदा होगा।





### अस्पताल की मांग को 7 को ज्ञापन देंगे ग्रामीण

रेवाड़ी। सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना शुक्रवार को 81वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने पर प्रतिदिन अलग-अलग संगठनों और गांवों से पुरूष और महिलाएं शामिल हो रहे हैं। धरने में रामगढ़ भगवानपुर के अलावा तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कला, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुंढलिया, ढाकिया, फदनी, बालियर खुर्द, माढैया कला व जाटी गांवों के ग्रामीण सहयोग कर रहे है। सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक मांग परूी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा।

### बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग

कोसली। नाहड़ गांव के किसानों ने शुक्रवार को उप मण्डल अधिकारी कोसली को ज्ञापन देकर सरकार व प्रशासन से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। किसानों ने कहा कि प्रशासन अधिकारी मौके पर जाकर खेतों में किसानों की फसलों का मौका-मुआयना करके सरकार को रिपोर्ट भेजें।

## उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर भारी वर्षा से कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों पर परेशानी

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें... भारी वर्षा के कारण रेल यातायात प्रभावित, अक्टूबर तक ट्रेनें रद्द

*उत्तर रेलवे के दिल्ली-यमुना ब्रिज पर जलभराव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर भारी वर्षा से कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-17 पर तकनीकी समस्या के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। तकनीकी समस्या आने के कारण से उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद व आंशिक रद चल रही है। रेलवे की ओर से आगामी दिनों में ट्रेनों की रद व आंशिक रद अवधि में और विस्तार किया है।




रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

**प्रारम्भिक स्टेशन से रद रेलसेवाएं :** गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा व गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 15 अक्टूबर तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मूतवी रेलसेवा 4 अक्टूबर व 11 अक्टूबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19028 जम्मूतवी-बांद्रा टर्मिनस रेलसेवा 6 अक्टूबर व 13 अक्टूबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19107 भावनगर टर्मिनस-शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन रेलसेवा 5 अक्टूबर व 12 अक्टूबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19108 शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन-भावनगर टर्मिनस रेलसेवा 6 अक्टूबर व 13 अक्टूबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19415 साबरमती-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा रेलसेवा 5 अक्टूबर व 12 अक्टूबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19416 श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा-साबरमती रेलसेवा 7 अक्टूबर व 14 अक्टूबर को रद रहेगी।

**वर्षा के कारण रेलसेवाओं का मार्ग बदला :** उत्तर रेलवे के दिल्ली-यमुना ब्रिज पर जलभराव के कारण उत्तर पश्चिम रेलमार्ग की रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेंगी। गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया दिल्ली सराय-नई दिल्ली-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय-नई दिल्ली-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14118 भिवानी-प्रयागराज रेलसेवा परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद- दिल्ली सफदरजंग-हजरत निजामुद्दीन-शकूरबस्ती होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19032 योग नगरी ऋषिकेश-साबरमती रेलसेवा परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-नई दिल्ली-दिल्ली होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19610, योग नगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली शाहदरा ब्लॉक केबिन-नई दिल्ली-दिल्ली सराय-होकर संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मू तवी रेलसेवा 6 सितंबर के स्थान पर 7 सितंबर से रिस्टोर रहेगी। यह रेलसेवा 6 सितंबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा दिनांक 7 सितंबर के स्थान पर8 सितंबर से रिस्टोर रहेगी। यह रेलसेवा 7 सितंबर को रद रहेगी।

### ये रेलसेवाएं रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 14803 भगत की कोठी-जम्मूतवी रेलसेवा 15 अक्टूबर तक भगत की कोठी से प्रस्थान करके फिरोजपुर कैंट तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा फिरोजपुर कैंट-जम्मूतवी के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14804 जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा 15 अक्टूबर तक जम्मूतवी के स्थान पर फिरोजपुर कैंट से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19223 साबरमती-जम्मूतवी रेलसेवा 15 अक्टूबर तक साबरमती से प्रस्थान करके फिरोजपुर कैंट तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19224 जम्मूतवी-साबरमती रेलसेवा 15 अक्टूबर तक जम्मूतवी के स्थान पर फिरोजपुर कैंट से संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मूतवी रेलसेवा 6 सितंबर से री-स्टोर रहेगी।

### फतेहपुरी दड़ौली में मेला 7 को, कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

रेवाड़ी। जिले के गांव फतेहपुरी दड़ौली में बाबा धूनी वाले की स्मृति में खेलकूद प्रतियोगिता, मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कोसली विधायक अनिल यादव होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति डहीना के चेयरमैन कर्णपाल कंवाली शिरकत करेंगे। कुश्ती व कबड्डी का शुभारंभ व पारितोषिक वितरण दड़ौली आश्रम के स्वामी सम्पर्णानंद महाराज, बाबा धूनी वाले मंदिर से हनुमानगिरी महाराज व सर्वदेव मंदिर से सुरेशानंद महाराज करेंगे। कुश्ती 100 रुपए से लेकर 31 हजार तक की होगी, जबकि कबड्डी की विजेता टीम को 41 हजार, द्वितीय को 31 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। कमेटी प्रधान ने बताया कि 6 सितंबर रात्रि को होने वाले जागरण के मुख्यातिथि प्रोफेसर सतीश कुमार हरित होंगे। जागरण में गायक कलाकार जयप्रकाश, आरती जांगड़ा, राहुल यादव, पूजा राव, डिंपल पंजाबन व गोबिंद खांडा बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

## निबंध प्रतियोगिता में लक्ष्मी व स्लोगन राइटिंग में मुस्कान बनी विजेता, पुरस्कार से सम्मानित

- शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी की अध्यक्षता प्राचार्य डा. सुधांशु ने की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. सुशीला लांबा के नेतृत्व में निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक समाज की रीढ़ की हड्डी होता है। उस पर समाज का उत्थान और पतन दोनों निर्भर करता है। डा. लांबा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थी को अपने बारे में सोचने को प्रेरित करता है।

डा. मनु कुमार भांडोरिया ने कहा कि यदि इरादे मजबूत हो तो कोई मुश्किल बड़ी नहीं होती। जीवन में सभी लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते है। निबंध लेखन में लक्ष्मी प्रथम, मुस्कान द्वितीय और कृतिका तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, वीरवती दूसरे और पूनम तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. मनु कुमार, डा. सुशील कुमार, डा. भारत, डा. प्रदीप, डा. सरिता व डा. शिल्पा शामिल थे। डा. एकता ने मंच संचालन किया।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता की विजेता छात्रा शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

*प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित*

## कविता वाचन में तनु, भाषण में माही तथा निबंध लेखन में खुशी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में शिक्षक दिवस के अवसर पर भाषण, कविता वाचन, निबंध लेखन एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माही, द्वितीय स्थान ललिता व कशिश तथा तृतीय स्थान भूमिका ने प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान छात्रा खुशी, द्वितीय सपना व तृतीय स्थान शिवानी ने प्राप्त किया। कविता वाचन में प्रथम स्थान तनु, द्वितीय मानसी व तृतीय अंजलि तथा चार्ट मेकिंग में भावना ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय तथा पूजा व खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर से डा. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि एक शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ समाज को एक नई दिशा देता है तथा भविष्य का निर्माण करता है। विद्यालय प्रभारी माया यादव ने कबीर दास की अमृतवाणी के माध्यम से गुरु महिमा का वर्णन किया। प्रवक्ता बाल योगेश्वर ने छात्राओं को शिक्षक दिवस का महत्व बताया। इस मौके पर प्रवक्ता नीलम रानी, सुभाष चंद्र, रेखा कुमारी, स्नेहा सुमन, पुष्पा, राजबाला, सरिता, नरेंद्र, कविता, मनीषा, सुनीता, सोनू, कृष्णा, लता व भूपेंद्र सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




रेवाड़ी। पोस्टर के माध्यम से शिक्षक के महत्व का संदेश देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान**

## नशा परिवारों को तोड़ता और समाज की नींव को कमजोर करता : नीरज



रेवाड़ी। कार की जांच करते हुए एनसीबी टीम। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। हरियाणा को नशामुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नशा तस्करों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता अभियान चला रहा है। शुक्रवार को एनसीबी जिला यूनिट ने शहर के सामान्य बस स्टैंड, रेलवे-स्टेशन, सिविल अस्पताल व राजकीय बाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एनसीबी टीम की ओर से सर्च अभियान भी चलाया गया तथा सार्वजनिक स्थानों व वाहनों की जांच की गई। एनसीबी यूनिट निरीक्षक नीरज ने बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों को नशे के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया। नीरज ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है, जो परिवारों को तोड़ता है और समाज की नींव को कमजोर करता है। उन्होंने समझाया कि नशे की लत किसी भी व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार का नमक-लोटा अभियान और साइक्लोथॉन जैसी मुहिम से समाज के सभी वर्गों को इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी नशा बिकता दिखाई दे या नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले तो वे बिना किसी डर के भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन या हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर तुरंत सूचना दें।

## जीएसटी व्यवस्था में सुधार से देशवासियों को दीपावली से पहले मिली सौगातः डा. वंदना

- सरकार के इस फैसले से मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और देश की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर यानि जीएसटी व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधारों को मंजूरी देकर देशवासियों को दीपावली से पहले ही एक बड़ी सौगात दी है। ये सुधार न केवल वन नेशन-वन टैक्स की अवधारणा को और मजबूत करेंगे, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ का मजबूती से जवाब देने वाले आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी सिद्ध करेंगे। इन सुधारों में छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए अनुपालन प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है, कई आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों में कमी की गई है तथा जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं त्रुटिहीन बनाने के लिए तकनीकी उन्नयन पर जोर दिया गया है। इससे व्यवसायों पर अनुपालन का बोझ कम होगा और उन्हें अपने कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।



रेवाड़ी। डा. वंदना पोपली।

डा. पोपली ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की एक और सशक्त मिसाल है। यह जीएसटी सुधार देश के छोटे दुकानदार, व्यापारी और उद्योगपति सभी के लिए एक पूर्व-दीपावली उपहार के समान है। इससे वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के संकल्प को बल मिलेगा और देश का स्थानीय उद्योग विनिर्माण क्षेत्र और अधिक मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी के ये बदलाव देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेंगे और रोजगार सृजन में भी सहायक होंगे। इससे मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और देश की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

केंद्र सरकार के ये जीएसटी सुधार एक दूरदर्शी नीतिगत फैसला हैं, जो सरलता, पारदर्शिता और समावेशिता के सिद्धांतों पर आधारित हैं। जीएसटी के सुधार देश को नई आर्थिक ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन को भी सरल और बेहतर बनाएंगे।

**बच्चों को बताया गुरु व शिक्षा का महत्व**

## सनराइज स्कूल में केक काटकर मनाया डा. सर्वपल्ली का जन्मदिन




रेवाड़ी। शिक्षक दिवस पर स्कूल में केक काटते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। जिला के गांव टहना मस्तापुर स्थित सनराइज स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के संचालक जय किशन यादव ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अध्यापक देश और समाज की रीढ़ होते हैं। इन्हीं के कंधों पर देश का भविष्य टिका होता है। सभी अध्यापकों को ईमानदारी के साथ देश के भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। प्रिंसिपल सरिता यादव ने कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य है कि वह अपने छात्रों को ऐसा ज्ञान दे कि वह अपनी पहचान बना सकें। आचार्य राजेश शर्मा ने बच्चों को डा. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। आशा यादव, पिंकी, पूनम, कुसुम, जयलता, सविता, नेहा, लक्ष्मी, टीना, मीना राठी, अंजलि, शालू और निबों देवी ने सभी कोअध्यापक दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। छात्रा चैतन्य और नैतिक ने मंच संचालन किया।

## आईजीयू में स्नातक के डिफेंस स्टडीज कोर्स के लिए 8 तक आवेदन

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में सत्र 2025-26 से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आरंभ किए गए स्नातक के रक्षा अध्ययन यानि डिफेंस स्टडीज कोर्स में आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 8 सितंबर तक आवेदन फॉर्म भरकर राजनीति विज्ञान विभाग राव तुलाराम भवन में संपर्क कर सकते है। डिफेंस स्टडीज विभागाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि रक्षा अध्ययन में स्नातक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर केंद्रित, निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में करियर के व्यापक विकल्प प्रदान करता है। विद्यार्थी भारतीय सेना अधिकारी, ग्राउंड ड्यूटी अधिकारी, भारतीय रक्षा अधिकारी, सैन्य एवं अनुसंधान अधिकारी, सेवारत अधिकारी, सैन्य पत्रकारिता, रक्षा उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बना सकते हैं। अभ्यर्थी जानकारी के लिए दाखिला इंचार्ज डा. बलजीत यादव के मोबाइल नंबर 6239904536 पर



रेवाड़ी। डा. मुकेश कुमार यादव।

**राहत की उम्मीद** — कल से बारिश का सिलसिला थमने की संभावना, किसान कर रहे फसल कटाई तेज करने का इंतजार

# दोपहर तक खिली धूप से मिली राहत, शाम को फिर झमाझम बारिश

- आज भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कई दिनों से रुक-रुककर हो रही बरसात का सिलसिला कुछ समय के लिए थमा, तो सूरज की चमक से किसानों को राहत महसूस होने लगी। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली, तो कई इलाकों में फिर से झमाझम बारिश हो गई। 7 सितंबर से मानसून के कमजोर पड़ने के साथ ही मौसम साफ होने की संभावनाएं नजर आने लगी हैं। फसल कटाई का कार्य तेज करने के लिए किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर के समय बादल साफ होने पर कई दिनों बाद लोगों को तेज धूप के दर्शन हुए। धूप खिलते ही उमस भरी गर्मी ने पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री की गिरावट के साथ 31.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री की वृद्धि के साथ 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 22 किमी प्रति घंटा तक रही। दोपहर के समय तेज धूप खिलते ही उमस भरी गर्मी का असर बढ़ गया। दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए। शाम के समय कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इससे मौसम एक बार फिर सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद मानसून के कमजोर पड़ने की संभावना है।



रेवाड़ी। शुक्रवार को शहर में छाए बरसात के काले बादल। फोटो : हरिभूमि

### किसान कर रहे मौसम खुलने का इंतजार

खेतों में किसानों की बाजरे की फसल कटाई के लिए तैयार है। कुछ किसान बाजरे की कटाई कर चुके हैं। बारिश से काफी फसल खराब हो चुकी है। पछेती फसल अभी भी खराब होने से बची हुई है। कटाई के लिए किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। आसमान साफ होते ही बाजरे की कटाई का कार्य तेज हो जाएगा। दूसरी ओर लगातार हुई बारिश से कपास की फसलों को भी नुकसान हुआ है। फसल का रंग काला पड़ने लगा है। टिंडे गलकर जमीन पर गिरने शुरू हो गए हैं, जिससे फसल उत्पादन में कमी दर्ज की जाएगी।